हैदराबाद की बिजली कंपनी के डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव से मुंबई में 11.40 करोड़ घूस लेने का है आरोप

# पूर्व सीएम मधु कोड़ा के खिलाफ आरोप गठन को लेकर दाखिल आइए हाईकोर्ट में मंजूर

## राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाला मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की ओर से दायर हस्तक्षेप याचिका (आईए) पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने प्रार्थी की हस्तक्षेप याचिका को मंजूर करते हुए फाइनल सुनवाई के लिए 5 सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की। कोर्ट ने मामले में निचली अदालत से इस केस के ट्रायल की वर्तमान स्थिति मांगी है। पूर्व में कोर्ट ने मामले में प्रार्थी को निचली अदालत के आरोप गठन के खिलाफ फ्रेश हस्तक्षेप याचिका (आईए ) दायर करने का निर्देश दिया था।

इससे पहले मधु कोड़ा की ओर से पूर्व में दाखिल आईए को वापस ले लिया गया था। दरअसल, प्रार्थी ने सबसे पहले हस्तक्षेप याचिका दायर कर निचली अदालत द्वारा मामले में उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इसी दौरान निचली अदालत ने उनके खिलाफ आरोप गठित कर दिया था। जिसके बाद मधु कोड़ा ने फ्रेश हस्तक्षेप याचिका (आईए ) दाखिल कर निचली अदालत द्वारा मामले में आरोप गठित किए जाने को भी हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

बता दें कि मधु कोड़ा पर आरोप है कि पूर्व में मुख्यमंत्री के उच्च पद का दुरुपयोग करते हुए उन्होंने हैदराबाद की बिजली कंपनी आईवीआरसीएल के डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव से मुंबई में 11.40 करोड़ रुपए घूस ली साथ ही कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए उसे लातेहार, गढ़वा और पलामू सहित छह जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण करने का टेंडर दे दिया। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है, इस मामले में मधु कोड़ा ढाई साल तक जेल में भी रहे थे। बाद में उन्हें 30 जुलाई 2013 को जमानत मिली थी।

मालूम हो कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने हैदराबाद की ब्लैक लिस्टेड कंपनी आईवीआरसीएल को काम दिया था। वर्ष 2006 में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण परियोजना के लिए झारखंड को केंद्र से 467.76 करोड़ रुपए मिले थे। इस परियोजना के तहत झारखंड के छह जिलों के 27359 गांवों का विद्युतीकरण किया जाना था। इससे 29.26 लाख परिवारों को सीधे तौर पर लाभ मिलता।

# रांची पुलिस ड्यूटी मीट का समापन

## प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर पुलिस ड्यूटी मीट का समापन शुक्रवार को नवीन पुलिस केंद्र में हुआ। इस पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन 21 जून को रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने किया था। पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान फोटोग्राफी, क्राइम सीन, एफएसएल, पोस्को, साइंटिफिक एविडेंस कलेक्ट करना, अनुसंधान के गुर सीखना, डीएनए सहित कई बिंदुओं पर प्रतियोगिता हुआ था।

ड्यूटी मीट 2023 में तकनीक से दक्ष पुलिस पदाधिकारी संबंधित पदाधिकारियों को 3 दिनों तक ट्रेनिंग दी गई। तीन दिवसीय कार्यक्रम में दक्षिणी छोटानागपुर रेंज के रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा के पुलिस पदाधिकारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है। इसमें ओवर ऑल चैंपियन का खिताब रांची जिला को मिला है। जबकि, रनर अप खूंटी जिला रही है। बेहतर अनुसंधान के लिए पुलिस पधाधिकारी को भी पुरुस्कृत किया गया है।

दक्षिणी छोटानागपुर पुलिस ड्यूटी मीट का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को अपराध अनुसंधान के गुर सिखाना होता है। वर्तमान में अपराध का दायरा इतना अधिक बढ़ गया है कि बिना वैज्ञानिक अनुसंधान के किसी को भी दोषी करार देना काफी मुश्किल काम है। वहीं, जांच के दौरान भी साक्ष्य जुटाने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान बेहद जरूरी होता है। इस मौके पर डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी किशोर कौशल, ट्रैफिक एसपी हरीश बिन जमा, एएसपी मूमल राजपुरोहित समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# जादूगरों का बादशाह है सिकंदर : दीपक प्रकाश



**रांची।** शहर के वेंडर मार्केट के उपर स्थित रॉयल हाइट वैक्वेट हॉल मे अपने नए अंदाज के रोचक रोमांचक जादू से धूम मचा रहे तिलिस्मी करतबों के बादशाह जादूगर सिकंदर के शो में आज मुख्य अतिथि थे राज्य सभा सांसद सह बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश। जादूगर सिकंदर ने उन्हें मंच पर माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

अपने संबोधन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जादूगर सिकंदर के प्रदर्शन की भरपूर सराहना करते हुए कहा कि ऐसा अद्भुत, मनोरंजक और सामाजिक संदेश देने वाले जादूगर सिकंदर वाकई जादुई दुनिया के सरताज और कला जगत के सिकंदर है। जादू को स्वस्थ पारिवारिक मनोरंजन बताते हुए कहा कि शो में बहुत सारे सामाजिक जन संदेश भी दिए जा रहे हैं जो समाज में जागृति लाने का अच्छा प्रयास है। अपने संबोधन के दौरान श्री प्रकाश ने बताया कि उन्होंने बचपन मे पी सी सरकार का जादू देखा था पर आज जादूगर सिकंदर का शो देख लगा कि शो इतना भव्य भी हो सकता है। उन्होंने जादूगर सिकंदर को शुभकामनाएं देते हुए कला के विकास हर सम्भव सहयोग का वादा किया।

# डीएवी नंदराज स्कूल में इंडक्शन सत्र का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डीएवी नंदराज स्कूल के 11 वीं के बच्चों को शुक्रवार को कॅरियर के संबंध में विभिन्न विषयों की उपयोगिता की जानकारी दी गयी। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य रविप्रकाश तिवारी ने बच्चों को समझाते हुए बताया कि जो क्रिकेट खेलते हैं उन्हें पता है कि अंतिम ओवर बड़ा महत्वपूर्ण होता है। इसी तरह आपके जीवन का यह दो साल बहुत ही महत्वपूर्ण है। आप जैसा करोगे, बीज बोओगे वैसा ही आने वाले दिनों में काटोगे।

10वीं फाउंडेशन वर्ष था यह कॅरियर वर्ष है। आप समझदारी से काम करें तभी सफल होंगे। बुद्धिमान आदमी कम श्रम ज्यादा लाभ की बात सोचता है। आप अपने लगाने वाले श्रम और क्या बनना है दोनों का मूल्यांकन करें और विषय तय करें यही फायदेमंद रहेगा। स्मार्टनेस बहुत जरूरी है। इच्छा से ज्यादा जरूरी है आप कितना श्रम लगाते हैं तभी वे इच्छाएं सार्थक होती हैं।

इस सत्र को उपप्राचार्या रोमा विश्वास, रविशंकर नायक (वाणिज्य), अजित कुमार सिंह (कंप्यूटर), रीना सहाय हिंदी), रोहित कुमार (पी एच ई), प्रीति (संगीत), सुरजीत सेन गुप्ता (कला) और अशोक कुमार पाठक (संस्कृत) के महत्व को बताया। शिक्षकों का कहना था कि आप जैसा बनना चाहते हैं उसी संकल्प के साथ काम करें। याद रखना चाहिए कि धान तीन-चार माह में होता है पर शीशम, सागौन, दस बर्षों में। मूल्य भी उसी तरह लगता है और श्रम भी। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## बिशप वेस्टकॉट बॉयज के नये प्राचार्य बने जेजे एडविन



**रांची।** बिशप वेस्टकोट बॉयज स्कूल, नामकुम में नए प्राचार्य जोएल जोनाथन एडविन ने पदभार ग्रहण किया। शिक्षकों के साथ बैठक करते हुए प्राचार्य ने कहा कि स्कूल को हमें और बेहतर बनाना है। किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिशप वेस्टकोट बॉयज स्कूल बिहार-झारखंड राज्य का एक प्रतिष्ठित स्कूल है। इसकी प्रतिष्ठा को और आगे ले जाना है। इससे पूर्व जोएल जोनाथन एडविन बिशप स्कूल पुणे के प्राचार्य पद पर थे। यह देश के एक जाने-माने शिक्षाविद हैं और एक सख्त प्राचार्य के रूप में इनकी पहचान है।

# खो-खो मैत्री मैच में डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र चैंपियन बना

**रांची।** नेशनल योग प्रशिक्षण केंद्र के तत्वावधान में शुक्रवार को एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर मलखंब खेल एवं खो-खो खेल का मैत्रीपूर्ण मैच खेला गया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर सभी खिलाड़ियों से नेशनल योग प्रशिक्षण केंद्र के महासचिव अजय झा ने परिचय प्राप्त किया। मलखंब खेल में बंगीय सांस्कृतिक परिषद विधालय सेक्टर-2, धुर्वा मलखंब केन्द्र ने झारखंड मलखंब अकादमी को कड़े मुकाबले में 50-42 अंकों से विजेता बना। मलखंब खेल में अनुशिखा कुमारी, हंसिका कुमार, आरूषी कुमारी, लवली कुमारी, शिवा कुमार, प्रिंस कुमार,आकाश कुमार,अहम कुमार, प्रीतम कुमार ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। खो -खो खेल के बालक वर्ग में डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र ने रांची जिला खो-खो संघ को संघर्षपूर्ण मैच में 28-21 अंकों से पराजित कर विजेता बना। डे बोर्डिंग की ओर से सन्नी कुमार, शिवा कुमार, अभिषेक उरांव, शिवम कुमार, पिंटू कुमार एवं रांची जिला की ओर से निखिल कुमार, विक्की लोहर, करण लोहरा, रोहन कुमार का खेल सराहनीय रहा। खो.खो बालिका वर्ग में नेशनल योग प्रशिक्षण केंद्र ने बिरसा मुंडा क्लब को आसानी पूर्वक 34-16 अंकों से पराजित कर विजेता बना। नेशनल योग प्रशिक्षण केंद्र की ओर से कप्तान रिया कश्यप, लवली कुमारी,भूमि कुमारी, सौम्या सेजल वर्मा एवं बिरसा मुंडा की ओर से प्रीति कुमारी, आयशा कुमारी,अनुष्का कुमारी, सिमरन कुमारी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें दी गयी श्रद्धांजलि

# भारत की अखंडता के पर्याय थे डॉ श्यामा प्रसाद : तपन कुमार शांडिल्य

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** प्रख्यात शिक्षाविद व चिंतक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में उन्हें स्मरण करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने उन्हें प्रखर राजनीतिज्ञ बताया। उन्होंने कहा कि एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नही चलेंगे , का नारा देने वालेए कम उम्र में ही राजनीतिक चरमोत्कर्ष को प्राप्त करने वाले और राष्ट्रीय एकता और अखंडता के पर्याय कत श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में हुआ। उन्होंने उनके व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए कहा कि वे देश की समग्रता पर विश्वास करते हुये एक राष्ट्र, एक विधान की बात के साथ ही उन्होंने 8 मई 1953 को बगैर किसी अनुमति के कश्मीर की यात्रा प्रारंभ कर दी थी। उन्होंने उनके राजनैतिक जीवन की चर्चा करते हुए कहा कि 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ नामक पार्टी का गठन किया। इस अवसर पर कुलसचिव नमिता सिंह, वित्त पदाधिकारी आनंद कुमार मिश्र, प्रियांश कुमार समेत सभी शिक्षक, कर्मी और विद्यार्थी मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## स्पीकर ने ब्रह्मास्त्र पुस्तक के लिए एग्जाम फाइटर को दी बधाई

**रांची।** एग्जाम फाइटर द्वारा लिखी किताब ब्रम्हास्त्र के प्रति स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने शुभकामनाएं दी है। स्पीकर ने पत्र जारी कर कहा है कि ब्रम्हास्त्र झारखंड सामान्य ज्ञान की बहुत ही अच्छी पुस्तक है। इसमें झारखंड के विभिन्न आयामों को लिया गया है। झारखंड का इतिहास, विविधता से परिपूर्ण, झारखंड का भूगोल, यहां के कल-कारखानों और आर्थिक परिदृश्य और सबसे विशेष है झारखंड आंदोलन का संघर्षशील सफर। उसमें हमारे पूर्वजों द्वारा दिये गये बलिदान की बहुत ही उत्कृष्ट प्रस्तुति की गयी है। जो झारखंड को समझने व जानने की इच्छुक हैं, उनको यह पुस्तक आकर्षित करेगी। साथ ही, झारखंड की विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए यह पुस्तक वरदान साबित होगी। उन्होंने एग्जाम फाइटर की पूरी टीम को बधाई दी है।

## कमरा आवंटित नहीं होने तक काम नहीं करेंगे एडवोकेट कलर्क

**रांची।** गुरुवार को हाईकोर्ट के नए भवन में आवंटित कमरे का ताला तोड़ने और सामान बाहर फेंके जाने के बाद वकीलों और अधिवक्ता लिपिक के बीच शुरू हुआ गतिरोध जारी है। शुक्रवार को दोनों पक्षों के बीच बातचीत के बाद उम्मीद की जा रही थी कि यह गतिरोध खत्म होगा। लेकिन लिपिकों ने यह तय किया है कि जब तक उन्हें आवंटित कमरा नहीं दिया जाता, तब तक वह अपने कार्य से दूर रहेंगे। दरअसल हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से पूर्व में आवंटित कमरे में बदलाव करते हुए लिपिकों को उन्हें दूसरी जगह दो कमरे आवंटित किए गए थे। लेकिन गुरुवार को एक कमरे का ताला तोड़ कर सामान बाहर फेंक दिया गया। जिसके बाद लिपिक संघ के सदस्यों ने तत्काल काम बंद कर दिया है।

# हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा, अदालतों में दिव्यांगों की सुविधा के लिए क्या प्लान है

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के सभी सिविल कोर्ट, कंज्यूमर फोरम सहित अन्य ज्यूडिशियल फोरम में दिव्यांगों के लिए सुविधा मुहैया कराने को लेकर पीपुल यूनियन फॉर सिविल लिबर्टी की ओर से दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि राज्य के सिविल कोर्ट में दिव्यांगों को सुविधा मुहैया कराने के लिए क्या प्लान है। अदालतों को दिव्यांगों के लिए फ्रेंडली माहौल कैसे बनाया जा सकता है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 11 अगस्त निर्धारित की है।

दरअसल, प्रार्थी की ओर से जनहित याचिका दायर कर कहा गया है कि राज्य के सभी सिविल कोर्ट ,कंज्यूमर फोरम आदि जगहों में दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर, लिफ्ट, रैंप, विशेष स्टाइल की टॉयलेट की व्यवस्था होनी चाहिए। जिससे उन्हें अदालती कार्यों से सिविल कोर्ट या कंज्यूमर फोरम आदि जगहों पर आने पर किसी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शैलेश पोद्दार ने पैरवी की।

# आर्मी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पेंटिग प्रतियोगिता में दिखाया अपना जौहर



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आर्मी पब्लिक स्कूल रांची में बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजन किया गया इस विजेता में दो मोड, एक ऑनलाइन दूसरा ऑफलाइन ऑनलाइन क्लास नौवीं -ग्यारहवीं था। ऑनलाइन में बच्चों द्वारा पेंटिंग बनाई गई तथा व्हाट्एर में भेजा गया। । बच्चे काफी उत्साहपूर्ण काम को अंजाम दिया। ऑफलाइन के विजेताओं के नाम इस प्रकार है प्रथम पुरस्कार श्रुति संस्कृति बारहवीं बायो की छात्रा, सेकंड पुरस्कार सौम्या कुमारी 9 सीकी छात्रा, थर्ड लोकेश कुमार मेहता,9 इ का छात्र जानता कार्यक्रम में निकी कुमारी, सानिया रानी, सत्यम जानवी, तथा सरुप प्रधान कोपुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में हेडमिस्ट्रेस निशा राय तथा क्लास शिक्षक मोहम्मद साबिर हुसैन ने किया, प्रचार महोदय श्री अभय कुमार सिंह ने बच्चों को आशीर्वाद दिया तथा योग का महत्व समझाया।

# जगन्नाथपुर रथ मेला में डालसा का जागरूकता कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** जगन्नाथपुर रथ मेला में डालसा, रांची की ओर से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पीएलवी रानी देवी, शिला तिग्गा, शिला देवी, किरण कुमारी एवं राजा उपस्थित थे। कार्यक्रम में एलएडीसीएस अधिवक्ता प्रभाकरण मुण्डा ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने के बारे में विस्तार से बताया। अधिवक्ता शिवानी सिंह ने नालसा 10 स्कीम के बारे में विस्तार से बताया तथा विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों को विस्तार से मेला देखने आये लोगों के बीच रखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्नेहलता दुबे एवं पम्मी देवी ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। ज्ञात हो कि डालसा के पीएलवी के द्वारा मेला परिसर में आये लोगों के बीच कानूनी संबंधी पम्पलेट और लिफलेट का वितरण भी किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत 9 सितम्बर को जागरूकता कार्यक्रम में दी गयी जानकारी।

ज्ञात हो कि आगामी 9 सितम्बर को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी डालसा के पीएलवी ने जानकारी दी। बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, विवाहोत्तर प्रताड़ना के वाद, पारिवारिक वाद, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है।

## खबर एक नजर में

### सांस्कृतिक साहित्यिक संस्था बज्म-ए-कहकशां का अंतराष्ट्रीय मुशायरा सह सेमिनार आज

**रांची।** झारखंड-बिहार की सांस्कृतिक साहित्यिक संस्था बज्म-ए-कहकशां की ओर से शनिवार 24 जून को अंतरराष्ट्रीय मुशायरा सह सेमिनार का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम अंजुमन प्लाजा के आजाद सभागार में संध्या 7:00 बजे आरंभ होगा। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा। यह जानकारी मुशायरा के संयोजक शहरोज कमर, सह संयोजक कुदरत उल्लाह कुदरत व फैज दरवेश अशरफी ने संयुक्त रुप से दी।

### अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले कराटे खिलाड़ियों का सम्मान समारोह 25 को

**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तत्वावधान में बहू बाजार बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में 25 जून को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह में पिछले दिनों दिल्ली में संपन्न अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले कराटे खिलाड़ी एवं कराटे इंडिया ऑर्गेनाईजेशन के द्वारा ब्लैक बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोप्ता ने दी।

### श्री महावीर मंडल अल्कापुरी में भव्य महाआरती 27 जून को

सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ होगा, खीर का लगाया जायेगा भोग

**रांची।** महावीर मंडल अल्कापुरी रांची में भव्य महाआरती रखा गया है और भैरव भईया के द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया जाएगा एवं 101 लीटर दूध का खीर भोग लगाया जाएगा। शुद्ध घी से निर्मित लड्डू का भोग प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। मुख्य अतिथि हिन्दू सम्राट भैरव सिंह जी,हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत सिंह, समाजसेवी दिलीप गुप्ता और गणमान्यगण उपस्थित रहेंगे। नमन भारतीय नें बताया की आप सभी आए और संध्या आरती का हिस्सा बने भारी से भारी मात्र में आए और हिन्दू धर्म जागरण करें।इस मंगलवारी महाआरती को सफल बनाने मैं महावीर मंडल अल्कापुरी के मुख्य संरक्षक श्री रमेश सिंह, ऋषभ सरकार, ऋषभ सिंह, नमन भारतीय, जिया वर्मा, काव्या वर्मा का योगदान है।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा देगी प्रेरणा : रघुवर दास

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा है कि डॉ श्यामा प्रसाद की प्रतिमा रोज हमें प्रेरणा देती रहेगी। श्री दास शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय के पीछे निगम पार्क में डॉ मुखर्जी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी धर्म के आधार पर देश को दो टुकड़ों में बांटने अथवा किसी राज्य को अलग अलग से प्राथमिकता देने के विरोधी थे। कश्मीर में धारा 370 एवं 35 ए के विरोध में उन्होंने आंदोलन किया था। जिसे मोदी जी के नेतृत्व में चल रही केन्द्र सरकार ने समाप्त कर उनके सपनो को पूरा किया। यह आयोजन रांची महानगर की ओर से किया गया था।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी जब केन्द्र में उद्योग मंत्री थे तो उन्होंने संयुक्त बिहार में सिंदरी का कारखाना दिया था। आज का झारखंड एवं उस समय का बिहार से मुखर्जी जी को बहुत लगाव था। पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मी कांत बाजपेयी ने कहा कि देश के लिये अपने प्राणों का बलिदान देने वाले डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी से हमें रोज प्रेरणा लेनी चाहिये। इस अवसर पर सुबोध सिंह गुडडू, दीनदयाल वरनवाल,सीमा शर्मा,राकेश भास्कर, शोभा यादव, रमेश सिंह, संजय जयसवाल,जितेन्द्र वर्मा, ललित ओझा, राकेश सिंह गुडडू, कुमार उत्कर्ष, रोमित नारायण सिंह, गोपाल सोनी, इंद्रजीत यादव भी उपस्थित थे।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में इंटरनेशनल ओलंपिक डे पर विविध प्रतियोगिताएं आयोजित




**रांची।** स्टोरी टेलिंग जिसमें कक्षा द्वितीय के बच्चों ने भाग लिया उसने अमायरा सिंह कक्षा 1 बी तथा कृष्णवी कक्षा 2 ए ने अपने कथा वाचन से सम्मोहित करते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त एक्टिविटी ऑन फार्म डिस्कस थ्रो आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. स्वरूप एवं विद्यालय की प्राचार्या जसमीत कौर ने पदक एवं ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। इन विजयी प्रतिभागियों ने विशेष रूप से आयुषराज को उनके विशिष्ठ प्रदर्शन एस. जी. एफ.आई. राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता एवं झारखण्ड का प्रतिनिधित्व करने के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके साथ रांची जिला ताइक्वांडो संघ के द्वारा आयोजित की गई प्रथम भगवान बिरसामुण्डा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को प्रथम स्थान पर प्रतिष्ठित किया।

स्पीड न्यूज

## खलारी : ट्रक-बाइक में टक्कर, एक घायल

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के हुटाप मोड़ के निकट मोटरसाइकिल व ट्रक में टक्कर हो गया। ट्रक व मोटरसाइकिल के टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना लगभग 11 बजे दिन का बताया जाता है। जानकरी के अनुसार मैकलुस्कीगंज पतरातू मुख्य पथ के हुटाप मोड़ के पास ट्रक जेएच 19 ए 7770 खलारी की ओर से मैकलुस्कीगंज के तरफ आ रहा था। वही मोटरसाइकिल जेएच 01डी एन 4864 में सवार दोनो युवक अपने घर हुटाप से खलारी की ओर जा रहे थे। इस दौरान हुटाप मोड़ के पास ट्रक ने मोटरसाइकिल को अपने चपेट में ले लिया। टक्कर होने से बाइक सवार दो युवक विकास यादव व प्रीतम तुरी गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलते ही खलारी पुलिस घटना स्थल पहुंचकर जांच पड़ताल कर ट्रक व मोटरसाइकिल को जप्त कर लिया गया।

## बाइक-पिकअप वैन की टक्कर में दो युवक जख्मी

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के एमके मोटल के समीप बाइक और पिकअप वैन की सीधी टक्कर होने से बाइक में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए ।घटना शुक्रवार की शाम पांच बजे की है ।घटना की सूचना मिलते ही सिकिदिरी थाना की पुलिस दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए रिम्स भेज दिया। घायल दोनों युवक अनगड़ा थाना क्षेत्र के बीसा गांव के रहने वाले हैं ।युवकों की पहचान विनोद भोगता और विजय भोगता के रूप में की गई है। बिनोद भोगता का दोनों पैर टूट गया है। उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। दोनों युवक पल्सर बाइक पर सवार होकर सिकिदिरी से अपने घर बीसा लौट रहे थे। इसी दौरान ओरमांझी से गोला की ओर तेज रफ्तार से जा रहे पिकअप वैन से सीधी टक्कर हो गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है।

## स्कूटी-बाइक की भिड़ंत में एक युवक घायल

**इटकी।** थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव के समीप शुक्रवार को स्कूटी व बाइक की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में गंभीर रूप से घायल स्कूटी सवार मोरो बोड़या निवासी पृथ्वी टोप्पो को इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक स्कूटी सवार रांची से अपने घर बोड़या लौट रहा था। इसी दौरान इटकी से रांची की ओर जा रहे बाइक सवार से टक्कर हो गयी।

झारखंड उत्कृष्ट विद्यालय

## बारेंदा जेएस स्कूल के छह बच्चों का चयन

**सोनाहातू।** झारखंड सरकार द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय का निर्माण किया है। पहली बार उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया शुरू किया गया है। जिसमें सोनाहातू प्रखंड के बारेंदा स्थित जेएस पब्लिक स्कूल के अभिषेक यादव, तेजू सिंह मुंडा, कृष्णा पुराण, पूजा कुमारी, विशाल पुराण और सुमन कुमारी का झारखंड उत्कृष्ट विद्यालय में चयन हुआ है। इनका चयन पर विद्यालय के शिक्षक जयराम अहीर, राजकिशोर गोप, रघुनाथ मुंडा, शिक्षका मंजू देवी, रेखा देवी, खुशी कुमारी सहित विद्यालय के प्रबंधन समिति ने शुभकामनाएं दी है।

## हंसराज वाधवा स्कूल के उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मानित



**नामकुम।** शुक्रवार को हसंराज वाधवा हाई स्कूल में इस वर्स मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में उत्कृस्ट छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रचार्या एबी केरकेटटा, पूनम प्रभा बाडा, मधु कुजूर, शशांक कुमार यादव,वीणा कुमारी जयसवाल, विनोद कुमार आदि की उपस्थिति में सांसद प्रतिनिधि पिन्टु ने सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उन्हें बधाई दी।

बलिदान दिवस के रूप में मनायी गयी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

# डॉ श्यामा प्रसाद ने 'देश में दो संविधान दो प्रधान नहीं चलेगा' का दिया था नारा

खबर मंत्र संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने शुक्रवार को डॉण श्याम प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के आवास पर सादगी पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर उपस्थित मंडल अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि डॉण श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अखंड भारत की परिकल्पना वा कश्मीर के लिए बलिदान दिया था। आजादी के बाद नेहरू सरकार से इस्तीफा देकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी। श्री मुखर्जी के कारण भारत से पहले दो संविधान दो प्रधान निशान समाप्त हुआ था।



### कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद

मौके पर पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, महामंत्री राधा देवी, जिला मंत्री रीना देवी, सहसंयोजक संजय कुमार भोगता, उदय शर्मा, अजय रजक, भवानी देवी, अर्णव कुमार, ओम रजक, अनु कुमारी, अरविंद सिंह, विक्रम गंझु सहित कई लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बुढ़मू भाजपा मंडल ने मनायी पुण्यतिथि

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू भाजपा मंडल द्वारा शुक्रवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमलेश राम मौजूद थे। मौके पर कमलेश राम ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व्यक्ति नहीं विचार थे। समय की मांग है कि उनके बताए मार्गों पर हम चलें। साथ ही उन्होंने कहा कि उनके बताए मार्गों पर चलकर भारत विश्व गुरु बन सकता है। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर मंडल अध्यक्ष जगलाल महतो, लक्ष्मण महतो, सुरेंद्र महतो, नंदलाल पाहन समेत अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नामकुम, टाटीसिलवे में मनायी पुण्यतिथि

**नामकुम।** शुक्रवार को सांसद समाधान केंद्र सदाबहार च.क और टाटीसिलवे सिथत सेवा निवृत्त ले कर्नल बिरेंद्र कुमार सिंह के आवास पर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा का घर घर जनसंपर्क अभियान का भी शुभारंभ किया गया जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टोल फ्री नंबर 9090902024 पर डायल कर उनके विकास के किए गए कार्यों की जानकारी लोग प्राप्त कर सकेंगे।

## मैक्लुस्कीगंज : ट्रक और विंगर की भिड़ंत में चालक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के गंझू टोला मां देवड़ी पेट्रोल पंप के पास ट्रक व विंगर सवारी गाड़ी में टक्करए विंगर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना लगभग बीती रात्रि 11 बजे का बताया जाता है। जानकरी के अनुसार थाना क्षेत्र के चामा मैकलुस्कीगंज बालूमाथ मुख्य पथ में खाली कोयला ट्रक जेएच 19 ए 9031 चामा की ओर से बालूमाथ के तरफ तेज गति से जा रहा था। वही सवारी विंगर वाहन बिना नंबर पैट्रोल पंप से निकल कर मैकलुस्कीगंज के तरफ मुड़ा ही था कि सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गया। ट्रक के टक्कर से सवारी विंगर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। क्षतिग्रस्त विंगर का चालक गंभीर रूप से घायल होकर वाहन में फस फस गया। जिसे स्थानीय ग्रामीण व समाजसेवी हेमलाल गंझू ने अपनी सूझबूझ से गंभीर रूप से घायल विंगर चालक विश्वनाथ गंझू (23 वर्ष) भगिया निवासी थाना बालूमाथ व एक अन्य युवक कृष्णा भोगता धमधमिया निवासी को अपने निजी वाहन से बेहतर इलाज के लिए रांची पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही मैकलुस्कीगंज पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर ट्रक व विंगर को अपने कब्जे में ले लिया।

## राहे में स्कूल रुआर बैक टू स्कूल कैंपेन शुरू

**राहे।** प्रखंड सभागार में शिक्षा विभाग के द्वारा स्कूल रुआर 2023 बैक टू स्कूल कैम्पेन का कार्यशाला का शुभारंभ बीडीओ हारून रशीद के अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन प्रमुख लीलमनी देवी, उप प्रमुख उमेश प्रसाद, बीडीओ हारून रशीद, बीईओ कमलकांत झा ने संयुक्त रूप में दीप प्रज्वलित कर किये। कार्यक्रम के विषय में बीईओ ने बताया कि 15 जुलाई तक चलने वाला इस अभियान में 6 से 18 वर्ष के बच्चों को स्कूल से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है ।इस दौरान घर घर सर्वे कर ड्रॉप आउट बच्चों की जानकारी जुटाई जायेगी ओर उन्हें पुनः स्कूल में नामांकन कराया जायेगा। पूरे अभियान में शतप्रतिशत नामांकन करा कर शिक्षा के दिशा में बेहतर प्रयास किया जायेगा।

# स्कूलों से ड्रॉपआउट बच्चे को फिर लौटाने की मुहिम तेज

### 15 जुलाई तक चलेगा रुआर अभियान

खबर मंत्र संवाददाता

**रातू।** राज्य में रुआर 2023 की कोशिश तेज हो गयी है। इसके तहत सरकारी स्कूलों में नामांकित बच्चों के ठहराव और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लक्ष्य को लेकर 16 जून से 15 जुलाई तक अभियान चलाये जायेंगे। प्रखंड सभागार में आयोजित एक दिनी कार्यशाला में इसकी सफलता पर चर्चा की गयी। यह जानकारी बीडीओ हरिशंकर बारिक ने दी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान शिक्षक पोषक क्षेत्र के अनामांकित बच्चों का सर्वे और इसके बाद अभिभावकों से मिल उन्हें प्रेरित कर नये बच्चे का नामांकन करायेंगे।

### ड्रॉपआउट रोकने पर बल

श्री बारिक ने कहा कि कार्यशाला के दौरान नामांकित बच्चे का ड्रॉपआउट रोकने पर बल दिया गया। इसे चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुये शिक्षकों को संघर्ष करने व अभिभावकों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनने की जरूरत है। इससे सरकारी स्कूलों के पठन-पाठन में उनका विश्वास मजबूत हो सके।

### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

प्रमुख संगीता तिर्की, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कल्पना तांती, कल्याण पदाधिकारी अलख सिंह, सांख्यिकी सह सहकारिता प्रसार पदाधिकारी देवेंद्र नाथ पांडेय, हिना नाज, शालिनी, विजय रंजन पाठक, मनीष कुमार मिश्र, प्रसिद्ध नारायण, हैदर रजा, सुजीत कुमार व सुनीता कच्छप आदि।




### इटकी में बैक टू स्कूल कैंपेनिंग कार्यक्रम

**इटकी।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को स्कूल रुआर 2023 बैक टू स्कूल कैंपेनिंग कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूल लाने व शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने को लेकर प्रखंड में 16 जून से 30 जून तक चलाए जाने वाले कार्यक्रम को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में जानकारी दी गयी कि बाल वाटिका के 272 व सरकारी स्कूलों के 875 विद्यार्थियों के नामांकन का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को पूरा करने में सभी का सहयोग अपेक्षित है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

एक नजर में

## हरिहरपुर, जामटोली लैंपस में धान बीज का वितरण शुरू



**बेड़ो।** साईं मंदिर रोड स्थित हरिहरपुर जामटोली लैम्पस में गुरुवार को 50 प्रतिशत सब्सिडाइज्ड धान के बीज का वितरण शुरूआत किया गया। अनुदान वाले धान के बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान राम प्रसाद लोहरा 12 पड़हा राजा विशाल उरांव बीटीएम शिवनारायण गोप ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर बीटीएम शिवनारायण गोप ने कहा कि किसानों को खरीफ मौसम से पूर्व ही हाइब्रिड धान बीज मिलने से खेती करने में किसानों को फायदा मिलेगा। किसानों के बीच डीआरआरएच. 2 व 3 बीज का वितरण पचास प्रतिशत अनुदान पर किया जा रहा है। लैम्पस अध्यक्ष चरवा उरांव ने किसानों से कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने कु बात कही। ।मौके पर लैम्पस प्रबंधक गोयंदी उराईन सचिव जोसेफ लकड़ा वार्ड सदस्य प्रीति तिर्कीएअभिराम उरांव टोप्पो उरांव रौशन केरकेट्टा दिलीप उरांव मनिरा एक्का सोमा उरांव सोहन लोहराए संजय लोहरा जतरु उरांव अभिषेक उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## ग्रामीण क्षेत्रों का हो रहा विकास : विधायक

**बुंडू।** स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा ने शुक्रवार को बुंडू प्रखंड स्थित लोटेहातु गांव में शुक्रवार को मध्यम सिंचाई योजना के तहत पक्की नाली निर्माण कार्य की आधारशिला रखी ।इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा प्रदेश में हेमंत सरकार के नेतृत्व में रोजगार के साथ गांव के विकास में तेजी आई है ।सिंचाई की योजना को भी प्राथमिकता दी गई है। ग्रामीणों के विभिन्न मांगों पर विधायक विकास मुंडा ने रूबरू होते हुए यथा शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया ।इस मौके पर शिवनाथ मुंडा एमनोज मंडलए फेकला गोंझुए प्रदीप मुंडा एअरविंद कुमार एमुन्ना महतोएएउमेश महतोए पाहन बुद्धू मुंडाए रघुनाथ मुंडाए छुटू मुंडा वार्ड सदस्य आशा देवी के अलावा आसपास के ग्रामीण मौजूद थे।

## बेड़ो के कृष्णा कॉलोनी में घर का ताला तोड़ लाखों के सामान की चोरी

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के लोहरदगा रोड के कृष्णा कॉलोनी में गुरुवार की रात चोरों ने राजू जयसवाल के घर से जेवर व नगदी लेकर फरार हो गए। घटना की रात राजू अपनी पत्नी प्रियंका पुत्री वैष्णवी व एंजल सहित पूरे परिवार के साथ को विवाह समारोह में घाघरा गए हुए थे। वहीं चोरों ने घात लगाकर के बंद घर को अपना निशाना बनाया। इसी दौरान मौका पाकर चोर उनके घर में चारदीवारी फांद कर प्रवेश कर गए और घर की अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरातों के अलावा नगद सत्तर हजार रुपए लेकर फरार हो गए। वही चारदीवारी के कांटा में एक नीले रंग का सर्ट फंसा हुआ है। राजू ने बताया कि शुक्रवार की सुबह में वे जब अपने घर पहुंचे तो घर के दरवाजे में लगे ताले टूटे मिले। साथ ही अंदर जाकर देखा तो कमरे के सामान बिखरे पड़े थे ।अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था। यह देख उनके होश उड़ गए। सामानों को चेक किया तो पता लगा कि चोर घर में रखे नकद रुपयेएलाखों रुपए सोने की जेवरात व अन्य सामान चुरा कर ले गए। उन्होंने कहा कि चोरों ने कमरे को पूरी तरह से खंगाला और घटना को अंजाम दिया।

# मुखिया पति करते हैं सरकारी दस्तावेज पर जाली हस्ताक्षर

### डीसी से शिकायत



**कांके।** प्रखंड के काटमकुली पंचायत की मुखिया अनिता देवी के पति शिवदयाल पहान द्वारा विकास कार्यों में हस्तक्षेप किया जा रहा है। इसे लेकर काटमकुली पंचायत के जनप्रतिनिघियों ने शुक्रवार को रांची डीसी राहुल कुमार व कांके बीडीओ शिलवंत कुमार भट्ट को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि मुखिया अनिता देवी घर पर रहती है। वहीं मुखिया पति शिवदयाल पहान पंचायत के विकास कार्यों की बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कर दबंगई करते है। मुखियापति शिवदयाल सरकारी दस्तावेजों पर अपनी पत्नी की हस्ताक्षर का नकल कर हस्ताक्षर करते है। 15वें वित आयोग अंतर्गत योजनाओं के अंतर्गत ग्राम प्रधान नहीं होने के कारण लाभुक समिति का चयन उनके घर पर वह स्वयं करता है। काटमकुली पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने मुखियापति द्वारा किये जा रहे नकली हस्ताक्षर की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही ग्राम प्रधान का चुनाव कराने की मांग की है। मुखिया पति के अनियमितता को लेकर पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि व ग्रामीण आक्रोशित है। मौके पर अख्तर अंसारी, उप मुखिया संजू देवी, जूही परवीन, विकास मुंडा, संजीदा खातून, राम सुंदर महतो, रूबी खातून, सरिता देवी वार्ड सदस्य सहित कई उपस्थित थे।

## यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन की क्षेत्रीय कमेटी की बैठक

**खलारी।** यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन कि क्षेत्रीय कमिटी की बैठक डकरा स्थित कार्यालय में शुक्रवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष कृष्णा चौहान की अध्यक्षता में सम्पन हुई। बैठक का मुख्य मुद्दा कोयला कामगारों के जव्वलन्त समस्या जैसेमजदूरों का पदोन्नतिएटेबल ट्रांस्फरए सदस्यताए पिपरवार में हुई 22 दिनों का आंदोलन एवं अन्य समस्याओ पर चर्चा किया गया।

## आठ सूत्री मांगों पर रिनपास मुख्य द्वार पर नर्सों का प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** रिनपास में एवरग्रीन एजेंसी के तहत संविदा पर कार्यरत स्टाफ नर्सों ने अपने 8 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। नर्सों की मुख्य मांगों में मानदेय को बढ़ाकर 35400 रुपए करना मानदेय का नियमित भुगतान सहित कई मांगे शामिल हैं। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान कहा कि 3 वर्ष पूर्व 54 नर्सों की नियुक्ति संस्थान में कार्य करने हेतु भारत सिक्योरिटी एजेंसी के तहत हुई थी। मानदेय 18000 रुपये से भी कम दिया जा रहा है। इपीएफ एसआई की कटौती नियमित रूप से नहीं की जा रही है। कई माह से वेतन भी लंबित है। इस संबंध में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि उप प्रमुख अंजय बैठा व रांची महानगर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जमील अख्तर के नेतृत्व में नर्सों ने रिनपास के मुख्य द्वार के समक्ष घंटों प्रदर्शन किया और अपने मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। मांगों को लेकर जब उपप्रमुख अंजय बैठा और कांग्रेस नेता जमील अख्तर ने प्रभारी निदेशक जयती शिमलाई से इनके निदान हेतु मुलाकात करने गए तो प्रभारी निदेशक जयति शिमलइ पंचायत प्रतिनिधियों और नर्सों से मुलाकात भी नहीं की।

# पत्थर माइनिंग के लिए बन रही पुलिया

खबर मन्त्र संवाददाता



जावाबेड़ा में निर्माण हो रही पुलिया।

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के जंगल व पहाड़ से घिरे सुदूरवर्ती गांव जावाबेड़ा के रेलवे लाइन के बगल से गुजरने वाले रास्ते में एक पुलिया का निर्माण हो रहा है। ईंट व पत्थर से मजबूत पुलिया का निर्माण कौन करा रहा है, इसकी जानकारी पंचायत के प्रतिनिधि व स्थानीय ग्रामीणों को भी नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार लोवाडी रामगढ़ में पत्थर माइंस है। वहां से ओरमांझी प्रखंड के विभिन्न क्रशरों में पत्थर पहुंचाने के लिए उक्त पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। जहां पर पुलिया निर्माण हो रहा है, वहां तक पहुंच रास्ते पूरी तरह खराब है। पहाड़ व जंगल से गुजरने वाले उक्त स्थन पर जिला व प्रखंड के प्रशासन भी कभी नहीं पहुंचते हैं। पंचायत की मुखिया दशमी मिंज ने भी उक्त पुलिया निर्माण पर अनभिग्ता जताते हुए कहा है कि अवैध पत्थर ढोने के लिए पुलिया निर्माण हो रहा है, तो इसे पता लगाया जाएगा। जरूरत पड़ी तो कार्रवाई भी होगी। प्रषासन की मदद से पंचायत से अवैध पत्थर वाहन लेकर गुजरने वाले वाहनों पर रोक लगाया जाएगा।

# 12 हाथियों का झुंड बुंडू के चांचालू पहाड़ पहुंचा, दहशत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुंडू।** पिछले 2 दिन से 12 जंगली हाथियों का दल बुंडू प्रखंड के सुमनडीह के जंगल में जमे हुए थे शुक्रवार को कांची नदी पार कर ऐडकिया सिरकाडीह होते हुए चांचालू पहाड़ पहुंच गए हैं। जंगली हाथियों का दल पहुंचने से आसपास के दर्जनों गांव के लोगों का नींद उड़ गया है। ग्रामीण अपने बचाव में रात जगा कर पहरा दे रहे हैं। ग्रामीणों को डर है कि किसी व्यक्ति के घर एवं फसलों की क्षति हो सकती है, जिसके बचाव में आसपास के एक दर्जन गांव के ग्रामीण लाइट, फटाका, मशाल लेकर तैनात रहते हैं। वन विभाग के अधिकारी जंगली हाथियों को भगाने के दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण खुद सुरक्षा का कमान संभाले हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार जंगली हाथियों का दल आकर किसानों के फसल घर एवं लोगों को भी जान-माल का क्षति पहुंचाते हैं।



### इटकी : कुल्ली गांव में दो हाथियों ने मचाया उत्पात

**इटकी।** प्रखंड के कुल्ली गांव में गुरुवार की रात दो जंगली हाथियों ने भारी उत्पात मचाते हुए तीन घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी के मुताबिक जंगली हाथियों ने आधी रात को कुल्ली के जगुवा टोली में प्रवेश कर सोमरा उरांव व परदेशिया उरांव के मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद हाथियों ने कुल्ली भंडरा रोड स्थित पान फट्टा टोली पहुंच कर आशित टाना भगत के पक्का मकान की दीवार को गिरा दिया। दीवार गिरने से किचेन में रखे उज्वला गैस योजना के तहत मिली गैस चूल्हा के अलावा कई समान क्षतिग्रस्त हो गया।

# खेलकूद प्रतियोगिता : प्रखंड के एथलीटों ने दिखायी प्रतिभा

### बचरा चार नंबर मैदान में खेलकूद प्रतियोगिता

### चतरा ओलंपिक एसो. और गणेश स्पोर्टिंग क्लब ने प्रतियोगिता का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिपरवार।** चतरा जिला ओलंपिक एसोसिएशन एवं गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के द्वारा शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के शुभअवसर पर बचरा 4 नम्बर मैदान मे प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 400 से अधिक बालक एवं बालिका एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का उदघाटन सीआईएसएफ के असिस्टेंट कमांडेड संजय कुमार मीना के द्वारा फीता काट कर एवं खिलाड़ियो को 1600 मिटर दौड़ की हरि झंडी दिखाकर कि गई। विशिष्ट अतिथि के रूप मे पिपरवार थाना के सब इंस्पेक्टर रूपेश कुमारए बचरा मुखिया रीना देवी सहित कई बुद्धिजीवी लोग उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता मे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगीता मे 100 मीटर 600 मीटर 800 मीटर 1600 मीटर दौड़ एगोला फेक एवं चक्का फेक का इवेंट कराया गया। गणेश स्पोटिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने कहा कि इस प्रतियोगिता मे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता मे शामिल होने का अवसर मिलेगा।

### संत जोसेफ स्कूल मंडेर के खिलाड़ी अव्वल

प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता मे संत जोसेफ स्कूल मंडेर के खिलाड़ियो ने दस गोल्ड मेडल, पांच सिल्वर एवं पांच ब्रोज मेडल जीतकर इस प्रतियोगिता मे ऑवर ऑल चैम्पियन बने। वही गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के खिलाड़ियो ने 8 गोल्ड मेडल 5 सिल्वर एवं 4 ब्रोज मेडल जीत का उपविजेता बने एवं सरना अकादमी स्कूल के खिलाडियो कूल ग्यारह मेडल जीत कर तिसरे स्थान पर रहे।

### इन्होंने निभायी अह्म भूमिका

प्रतियोगिता को सफल बनाने गणेश कुमार महतो, किरण देवी, मनोज यादव, चंदु कुमार, महेश कुमारए शैलेन्द्र कुमारए कृष्णा कुमार एवं आयुष कुमार सहित कई लोगों की सराहनीय भूमिका रही। इस प्रतियोगिता मे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियो को चतरा एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सह उपाध्यक्ष चतरा जिला परिषद ब्रज किशोर तिवारी एवं चतरा ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव राकेश कुमार सिंह ने उज्वल भविष्य के शुभकामनाएं दी है।

# विनेश और योगेश्वर के बीच जुबानी जंग में हद पार हुई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** शीर्ष भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को कहा कि कुश्ती जगत योगेश्वर दत्त को भारतीय कुश्ती संघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के पिछलग्गू के रूप में याद रखेगा। इससे पहले लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता योगेश्वर ने एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप ट्रायल से उन्हें और पांच अन्य पहलवानों को दी गई छूट पर सवाल उठाया था। विनेश ने ट्विटर पर लिखा, 'कुश्ती जगत को आपका बृजभूषण के तलवे चाटना हमेशा याद रहेगा। महिला पहलवानों को तोड़ने में इतना जोर मत लगाओ, बहुत पक्के इरादे हैं इनके। ध्यान रखना कहीं ज्यादा जोर लगवाने से कमर न टूट जाये। रीढ़ तो पहले ही बृजभूषण के पैरों में रख चुके हो। तुम बहुत संवेदनहीन इंसान हो। जालिम के हक में खड़े हो, उसकी चापलूसी कर रहे हो।'



### योगेश्वर की जयचंद से तुलना

एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में कई बार पदक जीत चुकी विनेश ने योगेश्वर की तुलना जयचंद से करते हुए कहा, 'जब तक कुश्ती में योगेश्वर जैसे जयचंद रहेंगे, यकीनन जालिमों के हौसले बुलंद रहेंगे।' इतिहास में कन्नौज के राजा जयचंद को पृथ्वीराज चौहान को हराने के लिए मोहम्मद गौरी के साथ साजिश रचने के लिए याद किया जाता है। विनेश ने इसके साथ ही योगेश्वर पर कई गंभीर आरोप लगाए। योगेश्वर डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने के लिए खेल मंत्रालय द्वारा नियुक्त छह सदस्यीय समिति का हिस्सा थे। विनेश ने लिखा, 'योगेश्वर दत्त का वीडियो सुना तो उसकी वह घटिया हंसी दिमाग में अटक गई। वह महिला पहलवानों के लिए बनी दोनों समितियों का हिस्सा था। जब समिति के सामने महिला पहलवान अपनी आपबीती बता रही थीं तो वह बहुत घटिया तरह से हंसने लगता। जब दो महिला पहलवान पानी पीने के लिए बाहर आयीं तो बाहर आकर उनको कहने लगा कि बृजभूषण का कुछ नहीं होगा, जाकर अभ्यास करो।'

### योगेश्वर को बताया जहरीला नाग

विनेश ने कहा, 'वह पहलवानों और कोचों को महिला पहलवानों के आंदोलन में शामिल होने से लगातार रोकता रहा। सारा कुश्ती जगत समझ गया था कि योगेश्वर बृजभूषण की थाली का झूठा खा रहा है।' उन्होंने योगेश्वर पर भारतीय सेना के जवानों, छात्रों और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के बारे में अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप लगाया। विनेश ने कहा कि योगेश्वर कोई चुनाव नहीं जीत पाए क्योंकि वह गद्दार और जहरीला नाग है। उन्होंने कहा, 'तुम समाज से गद्दारी के कारण ही दो बार चुनाव में औंधे मुंह गिरे हो। मैं दावा करती हूं कि कभी जिंदगी में चुनाव नहीं जीतोगे क्योंकि समाज जहरीले नाग से हमेशा सावधान रहता है और उसे कभी पैर नहीं लगने देता।' विनेश ने योगेश्वर को चेतावनी दी कि बेहतर होगा कि वह महिला पहलवानों की मानसिक दृढ़ता को तोड़ने की कोशिश न करें क्योंकि उन्हें उनके जैसे असंवेदनशील व्यक्ति नहीं हरा सकता है।

### योगेश्वर ने की है गद्दारी

विनेश ने यह भी आरोप लगाया कि योगेश्वर ने महिला पहलवानों से समझौता करने और बृजभूषण के खिलाफ आरोप वापस लेने के लिए कहा। उन्होंने दावा किया, 'एक दूसरी महिला पहलवान को बड़े भद्दे तरीके से बोला कि ये सब तो चलता रहता है इसको इतना बड़ा मुद्दा मत बनाओ। कुछ चाहिए हो तो मुझे बताओ।' विनेश ने कहा, 'समिति की बैठक के बाद योगेश्वर ने महिला पहलवानों के नाम बृजभूषण और मीडिया में बता दिए। उसने कई महिला पहलवानों के घर फोन करके यह भी कहा कि अपनी लड़की को समझा लो। वह पहले ही सरेआम महिला पहलवानों के खिलाफ बयान दे रहा था, उसके बावजूद उसे दोनों समितियों में रखा गया।'

## स्कूली बच्चों में छिपे है भविष्य के कपिल, सचिन: शर्मा



**लखनऊ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व चयनकर्ता चेतन शर्मा का मानना है कि स्कूली बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को तलाश और तराश कर देश में युवा क्रिकेट खिलाड़ियों की बड़ी ब्रिगेड तैयार की जा सकती है। स्कूली बच्चों की लीग के मेंटर के तौर पर नवाब नगरी आये चेतन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा मै मानता हूं कि स्कूल स्तर पर बच्चों के खेल के प्रति हुनर की पहचान कर उन्हे उस खेल के लिये राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तैयार किया जा सकता है। सचिन तेंदुलकर और कपिल देव जैसे महान खिलाड़ी भी कभी न कभी स्कूल से निकले थे। भविष्य के सितारे इन्ही स्कूलों में छिपे हुये हैं जिनकी सही समय में पहचान कर उनकी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है।

## सचिन जैसा बनने की चाहत में पहनता हूं दस नंबर की जर्सी: नवीन




**नयी दिल्ल।** देश दुनिया में कबड्डी के सुपरस्टार कहे जाने वाले नवीन क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर से खासे प्रभावित है और उन जैसा ही बनने के लिये वह दस नंबर की जर्सी धारण करते हैं। यह खुलासा पानीपत के नवीन ने अपने एक साक्षात्कार में किया है। उन्होने कहा मुझे क्रिकेट देखना पसंद है। मैं विराट कोहली का प्रशंसक हूं और इसीलिए मैं रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का समर्थन करता हूं। मैं पहले सचिन तेंदुलकर का अनुसरण करता था। मैं उतना ही अच्छा खिलाड़ी बनना चाहता हूं। मैं जर्सी नंबर 10 पहनता हूं क्योंकि सचिन का जर्सी नंबर 10 था।

## सुनील शेट्टी के बाद भूपेन्द्र धवन बने एक्वाटीन के ब्रांड अंबेस्डर



**नयी दिल्ली।** बालीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी के बाद बॉडी बिल्डिंग के जानेमाने कोच भूपेन्द्र धवन एक्वाटीन फिटनेस इंडस्ट्री के ब्रांड एम्बेस्डर बने है। केन्द्र सरकार द्वारा द्रोणाचार्य के सम्मान से पुरस्कृत राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कोच भूपेन्द्र धवन ने जानेमाने ब्रांड एक्वाटीन के साथ हाथ मिलाया है। एक्वाटीन के एक बयान जारी कर यह जानकारी साझा की है जिसमें कहा गया है कि भूपेन्द्र धवन वर्ल्ड पॉवरलिफ्टिंग यूनियन तथा ब्रिटिश पॉवरलिफ्टिंग फेडरेशन द्वारा हाल ऑफ फेम से सम्मानित हैं, हमारे साथ ब्रांड अम्बेसेडर के रूप में जुड़ रहे हैं। निस्संदेह एक्वाटीन फिटनेस इंडस्ट्री के अत्यन्त अनुभवी आइकन जो क्वालिटी न्यूट्रीशन तथा फिटनेस के लिए प्रतिबद्ध हैं, के साथ हाथ मिलाते हुए रोमांचित है।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट और वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा, दो नए खिलाड़ियों को मौका

एजेंसी

**मुंबई।** बीसीसीआइ ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी दौरे के लिए टीमों की घोषणा कर दी है। पुरुष चयन समिति ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज और तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए भारत की टीम का चयन कर लिया है। भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने आगामी दौरे में टेस्ट और वनडे सहित पांच टी20 मैच भी खेलने हैं। लेकिन इसके लिए टीम की घोषणा बाद में की जाएगी। डब्ल्यूटीसी फाइनल में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चेतेश्वर पुजारा और उमेश यादव को टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया। वहीं युवा शीर्ष क्रम के बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल और तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को पहली बार टेस्ट टीम में जगह दी गई है। वहीं नवदीप सैनी लंबे अंतराल के बाद टीम में लौटे हैं। पुजारा के अलावा मोहम्मद शमी टेस्ट और वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। लेकिन उन्हें ड्रॉप नहीं किया गया बल्कि ब्रेक दिया गया है।

**भारत की टेस्ट टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, यशस्वी जयसवाल, अजिंक्य रहाणे (उप-कप्तान), केएस भरत (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, मो. सिराज, मुकेश कुमार, जयदेव उनादकट, नवदीप सैनी।

**भारत की वनडे टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), शार्दुल ठाकुर, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जयदेव उनादकट, मो. सिराज, उमरान मलिक, मुकेश कुमार।

**भारत के वेस्टइंडीज दौरे के दौरान टेस्ट और वनडे सीरीज का शेड्यूल**

12 16 जुलाई - पहला टेस्ट, विंडसर पार्क, डोमिनिका
20 24 जुलाई - दूसरा टेस्ट, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद
27 जुलाई - पहला वनडे, केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस
29 जुलाई - दूसरा वनडे, केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस
01 अगस्त - तीसरा वनडे, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद

## टेस्ट टीम में जगह बनाने पर मुकेश कुमार को गांगुली ने दी बधाई



**कोलकाता।** बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल होने पर बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने बधाई दी है। सीएबी के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने कहा, सीएबी की ओर से मैं मुकेश को बधाई देता हूं और उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। वह पिछले दो सत्रों से बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मुझे यकीन है कि प्लेइंग इलेवन में मौका मिलने पर वह बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। गौरतलब है कि मुकेश कुमार को वेस्टइंडीज दौरे के लिये आज घोषित टेस्ट और वनडे टीम में शामिल किया गया है 2022-2023 रणजी सीजन में 22 विकेट हासिल कर बंगाल को फाइनल में पहुंचाने वाले मुकेश को हाल ही में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 38 प्रथम श्रेणी मैचों में 149 विकेट हासिल किये हैं।

## जूनियर महिला हॉकी विश्व कप: भारत की पहले मैच में कनाडा से भिड़ंत

**नयी दिल्ली।** भारत की जूनियर महिला हाकी टीम 29 नवंबर से शुरू होने वाले एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप 2023 में कनाडा के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। आयोजन समिति ने गुरुवार रात को चिली के सैंटियागो में 29 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच होने वाले बहुप्रतीक्षित टूनार्मेंट के लिए पूल और कार्यक्रम की घोषणा की।

## प्रणय ताइपे ओपन के क्वार्टरफाइनल में हारे

**ताइपे।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय को शुक्रवार को यहां क्वार्टरफाइनल में हांगकांग के निग का लोंग एंगस से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा जिससे ताइपे ओपन सुपर 300 टूनार्मेंट में देश का अभियान भी समाप्त हो गया। दुनिया के नौवें नंबर के भारतीय खिलाड़ी को एकतरफा मुकाबले में पांचवें वरीय का लोंग से 19-21 8-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच से पहले तीसरे वरीय प्रणय का हांगकांग के खिलाड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 6-5 था।

## पेज 3 का शेष

### अगली बैठक शिमला में...

**सीबीआइ, इडी से डराया जाता है :** ममता ने कहा कि अगर भाजपा के खिलाफ कोई कुछ बोलता है तो उसके खिलाफ ईडी और सीबीआई की कार्रवाई की जाती है। छुपे रुस्तम की तरह कोई ना कोई केस कराकर कार्रवाई करायी जाती है, लेकिन बेरोजगारी, आम जनता, आर्थिक स्थिति, दलितों पिछड़ों पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। ऐसे में हम सब ने भाजपा के खिलाफ साथ आकर लड़ने का फैसला लिया है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, एक होकर 2024 की लड़ाई हम लोगों को लड़ना है। हम जरूर कामयाब होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि ये विचारधारा की लड़ाई है। हम सब एक साथ खड़े हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि यहां सभी प्रमुख नेता मौजूद हैं। स्वभाविक है हमारे विचारधारा अलग हों, लेकिन देश एक है। सीताराम युचेरी ने कहा कि, हम सब को मिलकर मुल्क के चरित्र का हिफाजत करना है। लालू यादव ने कहा हम अब फिट है, नरेन्द्र मोदी को फिट कर देंगे। **चार घंटे बैठक, 27 नेता शामिल :** नीतीश कुमार की पहल पर शुक्रवार को यहां आयोजित बैठक करीब 4 घंटे चली। बैठक में 15 दलों के करीब 27 नेता मौजूद रहे। बैठक में नीतीश कुमार को संयोजक बनाने पर चर्चा हुई, लेकिन फैसला अभी नहीं हुई। साथ ही, केंद्र के अध्यादेश, सीट बंटवारे और कॉमन मिनिमम प्रोग्राम पर चर्चा हुई। बैठक में नीतीश कुमार, राहुल गांधी, ममता बनर्जी, एमके स्टालिन, मल्लिकार्जुन खड़गे, भगवंत मान, अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन, उद्धव ठाकरे, शरद पवार, लालू प्रसाद, अखिलेश सिंह यादव, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ़्ती, टीआर बालू, दीपंकर भट्टाचार्य, तेजस्वी यादव, अभिषेक बनर्जी, डेरेक ओ'ब्रायन, केसी वेणुगोपाल, सुप्रिया सुले, मनोज झा, फिरहाद हकीम, प्रफुल्ल पटेल, राघव चड्ढा और संजय सिंह. संजय राऊत, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, संजय झा, सीताराम येचुरी, आदित्य ठाकरे डी राजा शामिल हुए।

### पटना में लिट्टी चोखा खाकर...

**देश में नफरत फैला रही है भाजपा :** पीसी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी कहा कि भाजपा पूरे देश में नफरत फैला रही है लेकिन उनकी पार्टी लोगों के बीच प्रेम और भाईचारे का संदेश देकर भगवा पार्टी के नफरत के एजेंडे को विफल कर देगी। उन्होंने कहा कि देश की नींव पर हमला हुआ है। देश में नफरत बढ़ रही है। नफरत को खत्म करके प्यार का पैगाम हमें देना है। यह केवल लोगों के बीच प्रेम और भाईचारे का संदेश देकर ही किया जा सकता है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और उसे तानाशाही शासन करार किया। साथ ही सभी से भाजपा को हराने के लिए एकजुट होकर लड़ने का आह्वान किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पटना में शुक्रवार को हुई विपक्षी दलों की बैठक को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भाजपा के खिलाफ विपक्ष की यह एकजुटता देश को नयी दिशा देगी।

### आतंक को कुचलना...

**भारत आज पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था :** पीएम मोदी ने कहा जब सात वर्ष पहले उन्होंने पीएम के रूप में पहली बार अमेरिका का दौरा किया, तो भारत दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। आज भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। जब भारत बढ़ता है तो पूरी दुनिया बढ़ती है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका पुराने समय के संकोच और झिझक को पीछे छोड़कर दोस्ती की कसौटी पर खरे उतरे हैं। सात साल पहले जब मैं यहां आया था तब से अमेरिका बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन बहुत कुछ वैसा ही बना हुआ है - जैसे भारत और अमेरिका के बीच दोस्ती को गहरा करने की हमारी प्रतिबद्धता। यूक्रेन युद्ध का उल्लेख करते हुए मोदी कहा कि यह लड़ाई का युग नहीं है यह संवाद और कूटनीति का युग है। हम सब को इस खून खराबे को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए। दोनों देशों के महान पुरूषों से मिली प्रेरणा का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा, दो शताब्दियों से अधिक समय से हमने महान अमेरिकियों और भारतीयों के जीवन से एक-दूसरे को प्रेरित किया है। हम महात्मा गांधी और मार्टिन लूथर किंग जूनियर को श्रद्धांजलि देते हैं।

### दुमका से दिल्ली...

इस तरह शिकारीपाड़ा थाना की तत्परता से चार नाबालिग लड़की को बचा लिया है। दरअसल, पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि शिकारीपाड़ा रेलवे स्टेशन पर चार नाबालिग आदिवासी लड़कियां ट्रेन के इंतजार में बैठी हैं। उनके साथ एक दंपती है। पुलिस तुरंत रेलवे स्टेशन पहुंची और वहां से लड़कियों को बरामद किया। साथ ही साथ निर्दोष कुमार नामक एक युवक और उसकी पत्नी किरण देवी को हिरासत में लेकर थाना ले आयी। पूछताछ में पता चला कि किरण देवी, जिसका मायका दुमका जिले के ही रानीश्वर थाना क्षेत्र के रंगलिया गांव में है और उसकी शादी उत्तर प्रदेश के हाथरस के मनोरा थाना क्षेत्र के निर्दोष कुमार के साथ हुई है। यह दोनों दुमका आये थे और चार नाबालिग आदिवासी लड़की को काम दिलाने के नाम पर बहला फुसलाकर दिल्ली ले जा रहे थे। इस मामले में खास बात यह है कि बरामद चार लड़कियों में एक चौथी कक्षा, दूसरी सातवीं कक्षा, तीसरी नौवीं कक्षा और चौथी दसवीं की स्टूडेंट है।

### संसदीय चुनाव समेत कई...

**बयानबाजी पर चर्चा :** पार्टी के कई केंद्रीय समिति सदस्य नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि पिछले कई दिनों से महागठबंधन में रहकर झारखंड राजद के राज्य स्तरीय नेताओं की बयानबाजी महागठबंधन धर्म के अनुरूप नहीं है। ऐसे में 04 जुलाई की बैठक के दौरान अध्यक्ष की अनुमति से इस विंदु को भी उठाया जायेगा। चार जुलाई को रांची के हरमू सोहराई भवन में प्रस्तावित केंद्रीय समिति की बैठक में जिन एजेंडों पर चर्चा होगी उसमें पिछले बैठक की कार्यवाही की समीक्षा और उसके बाद उसकी संपुष्टि केंद्रीय समिति द्वारा की जायेगी। केंद्रीय महाधिवेशन के पश्चात लिए गए निर्णय के अनुसार सदस्यता अभियान पर विचार विमर्श किया जायेगा। केंद्रीय समिति की बैठक में पार्टी के सांगठनिक स्थिति पर भी विचार विमर्श होगा। इसके बाद केंद्रीय अध्यक्ष की अनुमति से जो भी विषय के लिए समिति के सामने लाये जायेंगे। उस पर विस्तृत चर्चा होगी। केंद्रीय समिति की ओर से जारी आमंत्रण पत्र में स्पष्ट लिखा गया है कि बैठक में शामिल नहीं होने वाले केंद्रीय समिति सदस्य, जिलाध्यक्षों-जिलासचिवों के कृत्य को अनुशासनहीनता मानते हुए कार्रवाई की जायेगी।

## मैं हर भूमिका में फिट हो जाऊंगा- विंडीज दौरे पर चुने जाने पर बोल जायसवाल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रथम श्रेणी क्रिकेट और आइपीएल के बीते सीजन में शानदार प्रदर्शन करने वाले यशस्वी जायसवाल को विंडीज दौरे के लिए टीम इंडिया में चुन लिया गया है। टीम ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज विंडीज में खेलनी है जिसमें पुजारा की जगह पर जायसवाल को मौका दिया गया है। विंडीज दौरे पर मौका मिलने पर जायसवाल ने कहा कि यह बहुत अच्छा एहसास है। मुझे अपना ध्यान केंद्रित रखने और जो मैं कर रहा हूं उसे करते रहने की जरूरत है। जायसवाल को पिछले महीने लंदन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए स्टैंड-बाय के रूप में नामित किया गया था। उम्मीद है कि वह इस बार पुजारा की जगह खेलते नजर आएंगे। जयसवाल आमतौर पर मुंबई और उनके आईपीएल के लिए ओपनिंग करते हैं। पक्ष, और इसलिए अगर उन्हें पुजारा के स्थान पर आजमाया जाता है तो यह भूमिका में बदलाव होगा। जायसवाल ने कहा कि मुझे इतना नहीं पता कि मैं कहां बल्लेबाजी करूंगा, लेकिन देखते हैं यह कैसे होता है। मैं वहां जाने और खुद को अभिव्यक्त करने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। 21 वर्षीय जायसवाल अपनी भूमिका को लेकर सकारात्मक हैं। उन्होंने कहा कि बेशक, मैं वह सब कुछ करने के लिए तैयार हूं जो टीम को चाहिए। मैं बस इसका (दौरे) इंतजार कर रहा हूं। जयसवाल आईपीएल और घरेलू मैचों से मिले आत्मविश्वास को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ले जाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि यह (सीजन) बहुत सारी सीख के साथ अद्भुत था। मुझे उम्मीद है कि मैं वो काम करूंगा जो सही हुआ, प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करूंगा और आगे बढ़ता रहूंगा।

**यशस्वी जायसवाल**



**प्रथम श्रेणी :** 15 मैच, 1845 रन, सर्वश्रेष्ठ 265, शतक 9, अर्धशतक 2
**लिस्ट ए :** 32 मैच, 1511 रन, सर्वश्रेष्ठ 203, शतक 5, अर्धशतक 7
**ट्वंटी 20 :** 57 मैच, 1578 रन, सर्वश्रेष्ठ 124, शतक 1, अर्धशतक 9

# श्रीकर भरत को ने शॉल ओढ़कर किया सम्मानित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** 12 जुलाई से शुरू होने वाले वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम इंडिया में श्रीकर भरत को बरकरार रखा गया है। भरत ने डब्लयूटीसी फाइनल में अच्छी विकेटकीपिंग की थी। टीम इंडिया में बरकरार रहने पर डॉ वाईएसआर एसीए वीडीसीए स्टेडियम में विशाखापत्तनम जिला क्रिकेट एसोसिएशन (वीडीसीए) के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। बता दें कि भरत विश्व कप मैच खेलने वाले आंध्र प्रदेश के पहले खिलाड़ी थे। भरत ने कहा कि विश्व कप खेलना हर क्रिकेटर का सपना होता है और न केवल विश्व कप में बल्कि फाइनल में भी खेलकर वह बहुत भाग्यशाली महसूस करते हैं। आंध्र और मेरे देश का प्रतिनिधित्व करना बहुत खास था। मैं उस भावना को शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता। मैं अपने शुभचिंतकों, समर्थकों, एसीए, वीडीसीए और अपने साथियों का बहुत आभारी हूं।भरत ने इंग्लैंड में खेलने पर कहा कि वहां मौसम, गति और उछाल में बहुत अंतर है। प्रत्येक प्रथम श्रेणी क्रिकेटर को सभी विकेटों के अनुकूल ढलना महत्वपूर्ण है। वहीं, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) में उनकी सफलता के बारे में पूछे जाने पर, भरत ने सफलता का श्रेय अभ्यास सत्र और खेल में भागीदारी को दिया।भरत ने कहा कि अभ्यास सत्र के दौरान, वह विकेट के पीछे से गेंद को देखते हैं, फैसला लेते हैं, संभावित निर्णय के बारे में गेंदबाज को चुनौती देते हैं, जिससे अंततः उन्हें मदद मिलती है। 29 वर्षीय क्रिकेटर ने यह भी कहा कि वह डीआरएस में टीम के लिए योगदान देकर खुश हैं। इशान किशन, संजू सैमसन, ऋषभ पंत और रिद्धिमान साहा से प्रतिस्पर्धा के बारे में बात करते हुए भरत ने कहा कि वह सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उन्होंने कहा कि एक क्रिकेटर के तौर पर वह खुद को हर प्रारूप में ढालते रहते हैं, चाहे वह टेस्ट हो, वनडे इंटरनेशनल हो या इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) हो।



## ताइक्वांडो प्रीमियर लीग में दम दिखाएंगी लखनऊ नवाब की टीम

**नयी दिल्ली।** ताइक्वांडो प्रीमियर लीग (टीपीएल) सीजन वन के मुकाबलों की शुरूआत शनिवार को नई दिल्ली में होगी जिसमें अपना लखनऊ नवाब की टीम अपना दमखम दिखाने को तैयार है। यहां एक समारोह में प्रतिभागी टीमों के मेंटर को मानद ब्लैक बेल्ट की डिग्री ब्रिक ब्रेकिंग टेस्ट के साथ दी गई। इसके साथ ही टीमों की जर्सी की लांचिंग भी की गई।इस लीग में 12 टीमें दम दिखाएगी। इन्हीं में से एक टीम यूपी की भी होगी जो लखनऊ नवाब के नाम से इस लीग में खेलने उतरेगी।

## भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच पर एक मैच का प्रतिबंध, कुवैत के खिलाफ करेंगे वापसी

**बेंगलुरु।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक सैफ चैंपियनशिप में एक मैच के प्रतिबंध के बाद मंगलवार को कुवैत के खिलाफ मैच में डगआउट में दिखायी देंगे। सैफ चैंपियनशिप के शुरूआती मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में स्टिमक को लाल कार्ड दिखाया गया था जिससे उन पर एक मैच का प्रतिबंध लगा था। सैफ के महासचिव अनवारुल हक ने कहा कि स्टिमक का अपराध इतना गंभीर नहीं था कि उन पर एक मैच से ज्यादा का प्रतिबंध लगे और इसे आगे की कार्रवाई के लिए सैफ की अनुशासनात्मक समिति को नहीं भेजा जाएगा। उन्होंने कहा, उन पर एक मैच का प्रतिबंध लगेगा, इससे ज्यादा नहीं।' उन्होंने कहा कि रैफरी और मैच आयुक्त की रिपोर्ट में मैच के दौरान हुई इस घटना का जिक्र किया था जिसमें स्टिमक को खेल के मैदान से बाहर कर दिया गया था लेकिन इसे सैफ अनुशासनात्मक समिति के पास नहीं भेजा जायेगा।

# इंग्लैंड आग थी और ऑस्ट्रेलिया बर्फ, अपने बर्फीले रवैये से उन्होंने बैजबॉल को बेअसर कर दिया : रविचंद्रन अश्विन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया ने एजबेस्टन में पहला टेस्ट जीतकर अपने शानदार रवैये से इंग्लैंड की आक्रामक रवैये को बेअसर कर दिया और पांच मैचों की एशेज श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली। अश्विन ने कहा कि 'आइस-कूल' ऑस्ट्रेलिया ने पारंपरिक क्रिकेट पर कायम रहकर इंग्लैंड के बैजबॉल क्रिकेट को हराया है ।दूसरी पारी में 273 रनों पर सिमट कर इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 281 रन का लक्ष्य दिया। ऑस्ट्रेलिया एक समय 227 रनों पर 8 विकेट खो चुका था और ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड टीम कमान संभाल रही है, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने आगे बढ़कर नाथन लियोन के साथ नाबाद पचास रन की साझेदारी करके दो विकेट की यादगार जीत दिलाई। अश्विन ने इंग्लैंड की हार के बाद यह भी बताया कि पिछले दो वर्षों में अंग्रेजी पिचों में भारी बदलाव हुआ है और बैजबॉल क्रिकेट ने पहले टेस्ट में इंग्लैंड के लिए बैकफायर क्यों किया। अश्विन ने कहा, इंग्लैंड आग थी। ऑस्ट्रेलिया बर्फ थी। ऑस्ट्रेलिया ने अपने बर्फीले रवैये से इंग्लैंड की आग को बेअसर कर दिया। सबसे पहले, बैजबॉल की उत्पत्तिः कुछ साल पहले हुई, इंग्लैंड में जानदार पिचें थीं। गेंद का उपयोग किया जाता था और हर जगह गेद सीम होती थी। अश्विन ने कहा, इंग्लैंड ने फैसला किया कि अगर हम इस तरह की पिचें देंगे, तो यह कठिन होगा। इसलिए आइए बल्लेबाजी पिचें दें और गति बढ़ाएं, तेजी से रन बनाएं और गेंदबाजों को अधिक समय दें। अश्विन ने यह भी बताया कि पहले एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड पर क्यों हावी रहा। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में इंग्लैंड में लक्ष्य का पीछा करना आसान हो गया है। अश्विन का मानना है कि एजबेस्टन में पहले टेस्ट में बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों के कारण ऑस्ट्रेलिया हमेशा खेल में था।



